आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.07.2025 समय : 1905

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर और मध्य अंडमान जिले का सफलतापूर्वक दौरा किया।
- पक्षी दर्शन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल, जो कि अंडमान जैव विविधता पर केन्द्रित है।
- अटल टिंकरिंग लैब प्रभारियों के लिए पांच दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।
- भारत सरकार के प्रमुख योजनाओं में से एक मेरा युवा भारत पर सुभाषग्राम पंचायत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बाईस जुलाई से छब्बीस जुलाई दो हजार पच्चीस तक उत्तर और मध्य अंडमान जिले का अपना पहला संगठनात्मक दौरा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस व्यापक दौरे में डिगलीपुर, मायाबंदर, रंगत, सीतानगर, राधानगर, किशोरीनगर, पहलगाँव, टोगापुर, शांतिपुर, कदमतला और बाराटांग जैसे महत्वपूर्ण ज़िलों का दौरा किया गया। इस दौरे का उद्देश्य पार्टी के ज़मीनी कार्यकर्ताओं से मिलना, कार्यकर्ताओं में जोश भरना और जनता व स्थानीय नेतृत्व के साथ गहरा जुड़ाव बनाना था। यह दौरा बाईस जुलाई को डिगलीपुर से शुरू हुआ और छब्बीस जुलाई दो हजार पच्चीस को बाराटांग में समाप्त हुआ। जगह–जगह हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री तिवारी का गर्मजोशी से स्वागत किया और पूरे उत्साह व लगन के साथ भाग लिया। इस दौरे के दौरान, विभिन्न क्षेत्रों के कई लोगों ने, जिनमें कांग्रेस जैसे विपक्षी दल के लोग भी शामिल थे, स्वेच्छा से भाजपा में शामिल हुए और पार्टी के नेतृत्व और दृष्टिकोण में अपनी आस्था व्यक्त की। स्थानीय नेतृत्व ने उनके शामिल होने का स्वागत किया और यह भाजपा की जमीनी स्तर पर उपस्थिति को मज़बूत करने में एक महत्वपूर्ण क्षण था। श्री अनिल कुमार तिवारी ने कई सभाओं को संबोधित किया, कार्यकर्ताओं से गहन बातचीत की और उनसे एकजुट, अनुशासित और अपने प्रयासों में केंद्रित रहने का आग्रह किया। उन्होंने एक मज़बूत और जीवंत पार्टी संरचना के लिए बूथ–स्तरीय संगठन, युवाओं की भागीदारी और समावेशी विकास के महत्व पर ज़ोर दिया।

पूरा दौरा सकारात्मकता, उत्साह और एकता की भावना से भरा रहा। कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष की यात्रा पर आभार और प्रसन्नता व्यक्त की, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। इस सफल दौरे ने निस्संदेह नई गति प्रदान की है। इस सफल दौरे से उत्तर और मध्य अंडमान जिले में भाजपा के संगठनात्मक प्रयासों को देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

पक्षी–दर्शन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करना और द्वीपसमूह में पाई जाने वाली समृद्ध पक्षी जैव विविधता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। द्वीपसमूह के वन्यजीवों के पारिस्थितिक मूल्य और घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय पक्षी–प्रेमियों के बीच उनके बढ़ते आकर्षण पर प्रकाश डाला गया। अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह कई स्थानिक पक्षियों का घर है। यह पहल द्वीपों की समृद्ध पक्षी विविधता, पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और ज़िम्मेदार यात्रा प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने कहा कि प्राचीन वन, आर्द्रभूमि और विशिष्ट द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र इस क्षेत्र को पर्यावरण के प्रति जागरूक यात्रियों और पक्षी प्रेमियों के लिए आदर्श बनाते हैं। यह द्वीपसमूह पक्षी प्रेमियों और वन्यजीव फोटोग्राफरों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल कर रहा है। पक्षी प्रेमियों को इस क्षेत्र की ओर आकर्षित करने वाली प्रमुख प्रजातियों में अण्डमान वुड पिजन, अण्डमान क्रेक और न अण्डमान सर्पेट ईगल शामिल हैं।

<><><><><><><>

सरकारी और निजी स्कूलों के अटल टिंकरिंग लैब प्रभारियों के लिए पाँच दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण का उद्घाटन अट्ठाईस जुलाई को जी.एस.एस.एस, हड्डो की ए.टी.एल प्रयोगशाला में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ए.टी. एल प्रभारियों को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना है ताकि छात्रों में नवाचार और रचनात्मकता को प्रेरित किया जा सके। उद्घाटन समारोह में शिक्षा निदेशालय के कार्यालय उप निदेशक शिक्षा ज्ञानशील दुबे उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में, मुख्य अतिथि ने ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के महत्व पर ज़ोर दिया और सभी ए.टी.एल प्रभारियों से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक मेरा युवा भारत के मुख्य कार्यक्रम के तहत आज सुभाष ग्राम पंचायत के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं और स्थानीय समुदायों के बीच केंद्र द्वारा प्रायोजित प्रमुख योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिनका नागरिकों के सामाजिक–आर्थिक विकास पर सीधा प्रभाव पड़ता है। युवाओं को बदलाव के जागरूक वाहक के रूप में सशक्त बनाना और इंटरैक्टिव सत्रों और चर्चाओं के माध्यम से सूचना और पहुँच के अंतर को मिटाना है। मुख्य अतिथि श्रीभाष दास, अध्यक्ष, उत्तर एवं मध्य अंडमान जिला परिषद और विशिष्ट अतिथि दीपांकर मिस्त्री, प्रमुख, डिगलीपुर, ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

<><><><><><><>

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत इंटर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन जी.एस. एस जंगलीघाट स्कूल मैदान और भतूबस्ती स्कूल मैदान में किया गया। आज दो फाइनल मैच माध्यमिक और प्राथमिक लड़कियों के लिए भातूबस्ती स्कूल में आयोजित किए गए। प्राथमिक लड़कियों के मैच में जी.एम.एस हम्फ्रीगंज की एच.एम सारीला यूनुस मुख्य अतिथि थीं जबकि माध्यमिक लड़कियों के मैच के लिए सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद मुख्य अतिथि थे। जी.एस.एस.एस. प्रातरापुर ने जी.एम.एस हैम्फ्रीगंज को एक–शून्य से हराया और माध्यमिक वर्ग में जी.एस.एस.एस बालिकाओं ने जी.डी.एम.एस को दस–एक से हराया।

<><><><><><><>

सभी उपभोक्ताओं और हितधारकों को सूचित किया जाता है कि विद्युत विभाग जो कि एक डीम्ड लाइसेंसधारी है, ने विद्युत अधिनियम दो हजार तीन की धारा इकसठ, बासठ और चौसठ के तहत अट्ठाईस जून, दो हजार पच्चीस को गोवा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए संयुक्त विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस से वित्त वर्ष दो हजार उनतीस–तीस के लिए व्यवसाय योजना के अनुमोदन के लिए याचिका दायर की है। आयोग द्वारा व्यवसाय योजना के अंतर्गत दायर याचिका संख्या एक सौ बावन/दो हजार पच्चीस को स्वीकार कर लिया गया है। व्यवसाय योजना के अनुमोदन के लिए दायर याचिका पर विभिन्न हितधारकों से आपत्तियां एवं टिप्पणियां आमंत्रित की जाती हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान में चल रही और आगामी विकास परियोजनाओं का आज व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने पोर्ट मोट स्थित विवेकानंद केंद्र जिला परिषद विद्यालय, विम्बर्लीगंज में चिल्ड्रन पार्क और बम्बूफ्लाट में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का जायजा लिया। इसके साथ ही टीम ने शोरपॉइंट में पर्यावरण–अनुकूल कॉटेज, वी.के.जेड.पी.वी शोरपॉइंट तथा मंगलुटान में कब्रिस्तान एवं प्रस्तावित विद्यालय स्थल का भी निरीक्षण किया। गुप्तापाड़ा स्थित शीतला मंदिर के पास शॉपिंग कॉम्प्लेक्स–सह–ग्रामीण हाट के निर्माण स्थल का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिए गए कि बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु चल रहे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए, तथा प्रस्तावित स्थलों पर प्रारंभिक कार्यों की जल्द शुरूआत सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर प्रकाश अधिकारी, अध्यक्ष, जिला परिषद दक्षिण अंडमान, सुशांत पाधा, सी.ई.ओ, जेड. पी.एस.ए, वर्षा, तथा सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>